प्रारूप–

भूवैज्ञानिक आख्या

परियोजना का नाम– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड के बनगांव–चापड़ा–कसलाना मोटर मार्ग का विस्तार कार्य (9.00 किमी0 लम्बाई) निर्माण हेतु 7.152 हे0 आरक्षित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

प्रस्तावित परियोजना की भूवैज्ञानिक आख्या सलग्न है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0 नि0 वि0
चिन्याली सौड़ (उत्तरकाशी)

जनपद उत्तरकाशी में सिलक्यारा–बनगांव–चापड़ा–सरोट मार्ग से बनगांव–चापड़ा–कसलाना मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

1 निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत 9.00 कि0 मी0 लम्बाई एस0 बी0 सी0 एस0 मोटर मार्ग से बनगांव–चापड़ा–**कसलाना** मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 चिन्यालीसौड़ के अनुरोध पर प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 3.1.2015 को सम्बंधित सहायक अभियन्ता श्री आर0 के0 यादव के साथ निरीक्षण किया गया।

2 राज्य योजना के अन्तर्गत बनगांव–चापड़ा–कसलाना मोटर मार्ग का 9.00 कि0मी0 लम्बाई में मार्ग निर्माण का कार्य स्वीकृत है। मार्ग के निर्माण हेतु सम्बंधित खण्ड द्वारा दो समरेखनों पर प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया गया है। समरेखन संख्या दो पर स्थानीय ग्रामवासियों की असहमति एवं अन्य बिन्दुओ को ध्यान में रखते हुये निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 चिन्यालीसौड़ के द्वारा समरेखन संख्या एक के अनुसार मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव है। प्रस्तावित समरेखन सिलक्यारा–बनगांव–चापड़ा–सरोट मोटर मार्ग के कि0 मी0 43 से 3.00 कि0 मी0 लम्बाई में निर्माणाधीन बनगांव–चापड़ा–कसलाना मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से आगे आरम्भ होता है तथा निर्धारित 9.00 कि0 मी0 लम्बाई पूर्ण कर समाप्त होता है। इस समरेखन में दो हेयर पिन बैण्ड्स जो क्रमशः क्रास सैक्शन 4/24 तथा 5/13 में दिये गये हैं। अवगत कराया गया कि समरेखन अधिकांश लम्बाई में वन भूमि से तथा कुछ भाग मे नाप भूमि से होकर गुजरता है। समरेखन क्षेत्र में सैण्डस्टोन, स्लेट तथा ग्रेवेक आदि चट्टान हैं तथा स्थान–स्थान पर इनके ऊपर मिट्टी/डेब्री का ओबर बर्डन है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई अस्थिरता संज्ञान में नहीं आई।

3 समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू– आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे है, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(i) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौड़ाई कटान करके प्राप्त की जाये। यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहॉ रिटेनिंग दीवार का निर्माण अपरिहार्य हो वहॉ इनका निर्माण फर्म स्ट्रेटा पर समुचिंत परिकल्पना के आधार पर कराया जायें।

(ii) यह सुनिश्चित किया जाये कि समरेखन में प्रस्तावित हेयर पिन बैण्ड कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाये जायें।

(iii) तीव्र ढलान में मार्ग की एक से अधिक आर्म्स की स्थिति को avoid किया जाना चाहिये।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी

(iv) समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाये।

(v) समरेखन में अपेक्षाकृत तीव्र पहाड़ी ढलान वाले भाग में सावधानीपूर्वक मार्ग कटान किया जाये जिससे कोई अस्थिरता उत्पन्न न हो।

(vi) जहॉ मार्ग कटान की ऊंचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, उस भाग में मार्ग कटान के साथ–साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

(vii) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन एवं स्कपर का प्रावधान किया जायें। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से भूक्षरण न हो।

(viii) पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको एवं विशिष्टियों का भी पालन किया जायें।

4 एस0 बी0 सी0 एस0 मोटर मार्ग से बनगांव–चापड़ा– कसलाना मोटर मार्ग हेतु 9.00 कि0 मी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लियें उपयुक्त प्रतीत होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

टिप्पणी:–

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है। समरेखन/मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर यदि सुझाव की आवश्यकता हो तो उसे अलग से अवगत कराया जाये।

H. Kumar
20.1.15
(हर्ष कुमार)
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी